तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 30 जून 2025

14 विधायक ने प्रशासन और पुलिस पर लगाया रेत...

14 भूमिया ग्राम में श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह का ...




शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू कक्षा 12वीं 97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप

### शीतला माता दरबार में माता पहुंचनी कार्यक्रम आज



**खरोरा** । नगर के वार्ड क्रमांक 6 में पनखटीया तलाब के विराजमान मां शीतला मंदिर में माता पहुंचनी का आयोजन रखा गया है इस अवसर पर नगर के समस्त श्रदालू माता दरबार मे पहुंचकर अपने परिवार के सुख शांति व स्वास्थ के शीतला माता से पूरे विधि-विधान से पूजा पाठ कर मन्नत मांगें इसे लेकर शीतला मंदिर समिति के पदाधिकारी संरक्षक अरविंद देवांगन, अध्यक्ष राजा राम नशीने, उपाध्यक्ष महेश वर्मा, सचिव कमल वर्मा, कोषाध्यक्ष बाल किशन निर्मलकर द्वारा इस आयोजन को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**भटगांव** । भाजपा मंडल भटगांव के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का 123वां संस्करण का सीधा प्रसारण सुना। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, महामंत्री श्याम लाल साहू, तुलसी आदित्य, पुर्व महामंत्री फूलचंद जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि रमाकांत पटेल, पंकज केशरवानी ने प्रधानमंत्री के प्रेरक संवाद को सुना।

### घर में घुसकर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम पतेरापाली के एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को बागबाहरा पुलिस को यशवंत कुमार ओगरे ने बताया कि 27 जून की रात करीब 10 बजे माधव पांडे, सनीस पांडे एवं दीवान बघेल ने उसके घर में घुसकर हाथ मुक्का एवं धारदार हथियार में मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 118(1), 333 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में अधेड़ घायल

**महासमुंद**। राशन लेने सुखरीडबरी जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति को एक वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि 28 जून की सुबह 9 बजे जयलाल खडिया पिता बैगा खडिया (55 वर्ष) कस्तुरबोर्ड अपने मोटर सायकल से राशन लेने सुखरीडबरी जा रहा था, मेन रोड अनिल चंद्राकर के मुर्गी दुकान के पास झलप की ओर से सुखरीडबरी की ओर आ रहे टीवीएस एक्सएल क्रमांक सीजी 06 जीडी 6181 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसका एक्सीडेंट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला से गाली गलौज

**महासमुंद**। वार्ड क्र. 15 पिथौरा की एक महिला के साथ गाली गलौज किए जाने की घटना में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया अनुसुईया पांडेय ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 28 जून की सुबह 10 बजे वह अपने घर में थी।

### कार्रवाई: तीन सवारी और बिना हेलमेट चलाने वालों पर कसा शिकंजा

# बलौदाबाजार में यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 28 जून को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 22 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6600 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 34 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 17,000 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 28 जून को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल वाहन चालकों के विरुद्ध 84 कार्रवाई कर 44,700 समन शुल्क वसूल किया गया है।

- जागरूकता के साथ सख्ती भी, पुलिस ने की आमजन से अपील

### दिनभर में वसूला 44,700 का चालान





#### जनता से अपील: नियमों का करें पालन, दुर्घटनाओं से बचें

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख़्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# बारिश में मुसीबत बना भालेसुर का पहुंच मार्ग
## पक्की सड़क की उम्मीद टूटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अंचल के भालेसुर गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाला पहुँच मार्ग बारिश के दिनों में ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत का कारण बन गया है। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा यह कच्चा मार्ग जगह- जगह गड्ढों और कीचड़ में तब्दील हो चुका है। बारिश के पानी से भरे इन गड्ढों के कारण इस मार्ग पर पैदल चलना भी कठिन हो गया है, वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी संकट में पड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग वर्षों से उपेक्षित है अनदेखी के चलते इसकी हालत बद से बदतर हो गई है। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को सबसे अधिक परेशानी होती है, क्योंकि यह रास्ता ही उनके खेत, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचने का एकमात्र जरिया है। पूर्व सरपंच संतन दास बांधे ने बताया कि इस कच्चे मार्ग को पक्का कराने की माँग वे पिछले 10 वर्षों से कर रहे हैं। कई बार ग्राम पंचायत और जनपद स्तर पर प्रस्ताव भी ▶▶| शेष पेज 12 पर

- गड्ढों और कीचड़ से भरा रास्ता बना ग्रामीणों की परेशानी का सबब
- 10 वर्षों से पक्के मार्ग की मांग, लेकिन अब तक नहीं मिली स्वीकृति

# जर्जर बायपास बना हादसों का रास्ता प्रशासन की चुप्पी खतरनाक संकेत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर दूरी पर बायपास बनाया गया है जिसमें भारी वाहन का का प्रभाव शहर पर ना पड़े। भारी वाहनों के यातायात का दबाव पूरे बाईपास रहता है। किंतु वर्तमान में बायपास सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है बद से बदतर स्थिति में ट्रक चालक व चार पहिया, दो पहिया चालक जैसे तैसे करके सड़क के इन बड़े-बड़े गधों को पार कर रहे। और इन बड़े-बड़े गड्ढों के चलते हैं कभी भी इनमें दुर्घटना घट सकती है।

प्रदेश के राजस्व एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का गृह जिले में सड़कों की ऐसी दुर्दशा हैरान करने वाली बात है क्या जिला प्रशासन निष्क्रिय हो गया है कि एक इन गड्ढों को भर भी नहीं सकता क्या किसी की मृत्यु के पश्चात ही इन बड़े-बड़े गढ्ढो को भरा जाएगा बलौदाबाजार जिला से पहली बार कोई विधायक कैबिनेट मंत्री बना है साथ ही राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी मिली है। किंतु यहां जिले में सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। चाहे वह सीएसआर हो या डीएम एफ हो या पंजीयन हो या, खनिज रॉयल्टी ▶▶| शेष पेज 12 पर

- राजधानी से महज 4 किमी दूर सड़क की दुर्दशा, भारी वाहनों से ट्रैफिक पर बढ़ा दबाव

# दुलदुला में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**सिमगा**। संकुल केन्द्र सिमगा के शास. विद्यालय दुलदुला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर तथा पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई शुभकामनाएं दी गयी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सिमगा जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच कामनी जीवन साहू एवं दुलदुला के पंच महिला समूह एवं स्कूल के प्रचार्य सर मैडम समस्त विद्यार्थी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




# हरदी-चितावर पहुंच मार्ग हुआ गड्ढों में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ग्राम हरदी मुख्य मार्ग से चितावर पहुंच मार्ग सात साल पहले बनी सड़क जगह जगह खरनाक गढ्ढो में तब्दील हो चूकी है। उक्त सड़क मार्ग ग्राम हरदी से चितावर तक जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। मगर इस सड़क के निर्माण में कितनी अनियमितता ठेकेदार ने बरती होगी सड़क की स्थिति देखने से साफ नजर आ रहा है।

इस सड़क पर डामर का नामोनिशान ही नहीं बचा है। राहगीर गढ्ढों में सड़क ढूंढते निकलते है। जर्जर मार्ग होने के चलते बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करन पड़ रहा है। ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नहीं है, हरदी मुख्य मार्ग छोटी पुल से लेकर चितावर तक उक्त सड़क मार्ग गांव को जोड़ती है। इस सड़क मार्ग से रोजाना सैकड़ों की तादाद में लोगों का आना-जाना है। इन गढ्ढों की वजह से हमेशा दुर्घटना की आशंका ▶▶| शेष पेज 12 पर



#### मार्ग हो गया है खराब: सरपंच

ग्राम हरदी से चितावर पहुंच मार्ग काफ़ी अधिक ख़राब हो गया है। इस मार्ग पर हरदी, चितावर के ग्रामीण तथा स्कूली बच्चों का आना जाना होता है, जिन्हें अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग को पुनः निर्माण कराने की मांग जिला प्रशासन को आपके माध्यम से कर रहा हूं।

**सोमनाथ पटेल,** सरपंच
ग्राम पंचायत हरदी

#### जिम्मेदारी से बच रहा विभाग

उक्त सड़क मार्ग मरम्मत के लिए ठेकेदार व विभाग के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया जा चूका है, फिर भी उक्त मार्ग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण नारायण पटेल, सुनील वर्मा, कमलेश प्रजापति, दुर्गा प्रसाद वर्मा, पूर्व सरपंच रामप्रसाद वर्मा ने बताया कि निर्माण के दौरान किसी तरह की मॉनीटनिंग नहीं होने के कारण ठेकेदार ने गुणवत्ता को दरकिनार कर मनमाने तरीके से सड़क निर्माण करवाया था। इस वजह से रोड से डामर पूरी तरह से गायब हो गया है। पता ही नहीं चल रहा है की इस रोड का निर्माण भी हुआ था। उल्लेखनीय है कि हरदी से चितावर पहुंच मार्ग की लम्बाई 2.80 किमी है। उक्त सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत 143 लाख रूपये की लागत ▶▶| शेष पेज 12 पर

### कसडोल विधायक संदीप साहू पहुंचकर लिया जायजा

# बरबसपुर में डायरिया का प्रकोप, 14 ग्रामीण बीमार, कैंप लगाकर शुरू किया गया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम बरबसपुर में डायरिया की शिकायत के बाद शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर इलाज किया जा रहा है। इधर जानकारी मिलने के बाद कसडोल विधायक संदीप साहू बरबसपुर पहुँचकर चौपाल लगाया और बारी-बारी से जानकारी लिया। इस दौरान श्री साहू ने ग्रामीणों को संक्रमित पानी से दूर रहने का सलाह दिया साथ ही स्वास्थ्य विभाग को उचित ईलाज हेतु निर्देशित भी किया।

- संक्रमित पानी व मछली से बिगड़ा स्वास्थ्य, बाल्दा कछार में भी मिले उल्टी-दस्त के मामले



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरबसपुर में शुक्रवार को अचानक लगभग 14 लोग ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### दूषित पानी बना बीमारी की वजह

ग्रामीणों के अनुसार 3 व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी और 4 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में भर्ती कराया गया है। इसी तरह बाल्दा कछार में भी एक ही परिवार के चार लोगों को उल्टी दस्त होने की जानकारी मिली है जिसमें से भी दो लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बालदा कछार में एक परिवार के लोग मछली खाए थे जिसके कारण उल्टी दस्त होने की आशंका जताई जा रही है। वही बरबसपुर के लोगों को गंदे पानी पीने की वजह से होना बताया जा रहा है।

#### मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला

जानकारी मिलने पर शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर आर दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल एवं स्वास्थ्य विभाग से बी एम ओ रवि शंकर अजगले, स्वास्थ्य विभाग, के कर्मचारी पहुंचे थे । पीएचई विभाग के अधिकारियों द्वारा पानी का सैंपल लिया गया है। फिलहाल स्थिति सुधार में है ।



# निजी प्रवास पर कसडोल पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू निजी प्रवास के दौरान कसडोल नगर के सर्किट हाउस पहुंचे। जहां भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कसडोल भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी सहित पार्षदों और भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से नगर पंचायत कसडोल को नगर पालिका बनाने की मांग नगर अध्यक्ष सहित पार्षदों ने रखा। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू सहित कलेक्टर से बात करने की बात कही। इसके अलावा नपा जनप्रतिनिधियों नें नपा अन्तर्गत कई विकास कार्यों हेतु मांग किया गया जिसमें ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

### ब्राह्मण समाज ने कवि सुरेंद्र को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** ब्राम्हण समाज ने पद्मश्री कवि सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के पूर्व महासचिव भूपेंद्र मिश्रा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेन्द्र दुबे का निधन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि समाज के लिये अपूरणीय क्षति है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति का देश- विदेश में परचम लहराया। उनकी रिक्ततता को पूरा प्रदेश महसूस करेगा। श्रद्धांजलि देने वालों में जानकी प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र श्रोती, भूपेन्द्र मिश्रा, राम अवतार शर्मा, बीपी तिवारी, कमलनारायण तिवारी, अयोध्या पांडेय, कामता चौबे, चन्द्रशेखर दुबे, अजय त्रिपाठी, शत्रुघ्न पांडे, ललित शर्मा, रवि दुबे, नागेंद्र शुक्ला, राजेश तिवारी, राकेश दिवान, देवकांत द्विवेदी, मदन शर्मा, विनोद पांडे, प्रदीप शर्मा, लोकेश पांडेय, कमलेश तिवारी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आशीष शर्मा, रमेश पांडे, सुरेन्द्र पांडे, जीवानंद पांडे, जितेन्द्र पांडे, राजू महराज, यशवन्त शुक्ला, सुनील तिवारी, योगेश्वर उपाध्याय, विनोद शर्मा, अंगेश्वर मिश्रा, विनोद शर्मा, सूरज तिवारी, अमन पांडे, प्रदीप पांडे, राकेश तिवारी शामिल हैं।

गुदगुदा के शाला परिसर में छायादार पौधों का किया गया रोपण

# ब्लाकस्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री





शासकीय उमावि गुदगुदा में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू थे। अध्यक्षता जपं अध्यक्ष गितेश्वरी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति शकुंतला रूपचंद देवांगन चारभाठा, सरपंच सोनम संजय साहू, एसएमसी अध्यक्ष एवन कुमार साहू, महेश ध्रुव थे। प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकण्डरी की छात्राओं ने पारम्परिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

मौके पर मुख्य अतिथि गौकरण साहू ने बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभावान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गीतेश्वरी साहू ने ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा के विभिन्न नये-नये कोर्स के साथ खुलने वाले रोजगारपरक संस्थानों की जानकारी दी। इस दौरान अतिथियों ने प्राथमिक, माध्यमिक और उमावि के विद्यार्थियों को पाठयपुस्तक और गणवेश का वितरण किया। अतिथियों ने इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों, राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट-गाइड, विद्यालयीन प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित छात्र-छात्राओं, राज्य और राष्ट्रीय स्तर में खेलकूद में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों की हौसला अफजाई की। इस दौरान दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण किट भी प्रदान किया गया। बीईओ चंद्रकुमार साहू ने नौनिहाल छात्रवृत्ति, विद्यालयीन प्रतियोगी परीक्षा, नवोदय, प्रयास व एकलव्य जैसे संस्थानों में ब्लाक के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इसी तारतम्य में शासकीय उमावि गुदगुदा के प्राचार्य टेकराम सोनकर ने बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची, स्काउट-गाइड के क्षेत्र में राज्यपाल पुरस्कार के साथ ही विद्यालय की उत्तरोत्तर शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ अन्य गतिविधियों की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर शाला परिसर में छायादार पौधों का रोपण किया गया। मंच संचालन व्याख्याता तरूण सिन्हा और आभार प्रदर्शन कुलेश्वर सिन्हा ने किया।

कार्यक्रम में उपसरपंच हितेश सोनकर, एसएमसी अध्यक्ष भीमराम साहू, पवन साहू, बीईओ सीके साहू, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक पीसी सेन, नान्हूराम कंवर, मनोज नेताम, प्राचार्य टेकराम सोनकर, डीपी देवांगन, बीआर साहू, तरूण सिन्हा, शेखरचंद्र ठाकुर, निलेश भारद्वाज, होमलाल देवांगन, संस्था प्रमुख दुर्गेश द्विवेदी, प्रधानपाठक चंद्रप्रभा बघेल, व्याख्याता शीला साहू, डेमिन साहू, जतीश सिन्हा, चंद्रिका यादव, शोभाराम साहू, अशोक साहू, निर्मल सोनी, बालमुकंद साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्राम चिरपोटी में धूमधाम से रथयात्रा का पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम चिरपोटी गांव में लगभग 40-45 वर्षो से स्व. दाऊ दौव्वाराम साहू के परिवार द्वारा हर साल रथयात्रा के दिन बड़े धूमधाम से रथ निकाली जाती है, जिसमें श्री साहू के पूरा परिवार इकठ्ठा होकर इस पर्व को मनाते हैं। रथ श्री साहू के पैतृक निवास से बाजे गाजे के साथ राधा कृष्मंदिर तक निकाला जाता है। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को गजा मूंग की प्रसादी बांटी जाती है एवं रथ मंदिर पहुंचने के पश्चात सत्यनारायण की कथा एवं आरती पूजन की जाती है। रथयात्रा का पर्व ग्रामवासियों के सहयोग से बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस महापर्व में आसपास के गांव के श्रद्धालु भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं एवं प्रभु की रथयात्रा में शामिल होकर पुण्य कमाने का लाभ उठाते हैं।

**क्यों निकाली जाती है रथ यात्रा**

स्कंद पुराण के अनुसार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने एक दिन नगर देखने की इच्छा व्यक्त की तब जगन्नाथ और बलभद्र अपनी बहन को रथ पर बिठाकर नगर दिखाने निकले। इस यात्रा के दौरान वे अपनी मौसी गुंडिचा के घर गए और वहां सात दिनों तक रुके, तभी से जगन्नाथ रथ यात्रा की परंपरा शुरू हुई।

इस रथयात्रा में रघुनाथ साहू, महेश साहू, संत राम साहू, उत्तम साहू, मोरजध्वज साहू, पीताम्बर साहू, लाकेश साहू, तेजराम साहू, सोम साहू, राहुल साहू, सन्नी साहू, वेदप्रकाश, दक्ष कुमार, धैर्य कुमार,टिवेन्द्र, अयांश साहू आदि शामिल हुए।

# जाति और धर्म से ऊपर उठकर शिक्षा के लिए काम किया : शत्रुहन

■ ओबीसी संयोजन समिति ने मनाई शाहू महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के द्वारा सच्चे लोकतंत्रवादी समाज सुधारक कोल्हापुर रियासत के महाराज छत्रपति शाहू महाराज की जयंती सिन्हा समाज भवन कलारपारा कुरूद में मनाया गया।

इस अवसर पर समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन साहू ने बताया कि छत्रपति शाहू महाराज मूलतः कुनबी (कुर्मी) समाज से थे। जिन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले के कार्यों को आगे बढ़ते हुए अपने रियासत में सबसे पहले पिछड़ों के लिए शिक्षा में आरक्षण की शुरूआत किया। उन्होंने बताया कि जाति और धर्म से ऊपर उठकर प्राथमिक शिक्षा सबके लिए अनिवार्य किया। शाहू महाराज द्वारा पहली बार गैर ब्राह्मण को वेद पढ़ाने और सुनाने का अधिकार देकर क्रांतिकारी कदम उठाया और एक मराठा विद्वान को छत्रजगत गुरु (क्षत्रियों का विश्व गुरु) की उपाधि दिया। किंतु दुर्भाग्य है कि शाहू महाराज के विचारों को आज महत्व नहीं दिया जा रहा है।

कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अविनाश साहू ने छत्रपति महाराज के विचारों पर चलने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी समारू सिन्हा व आभार व्यक्त राम कुमार सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर टिकेश्वर साहू, सदानंद साहू, बसंत ध्रुव, गोकुलेश सिंन्हा, अयोध्या पटेल, नरेश सिन्हा, अविनाश साहू, डुमन साहू, शंकर भार्गव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शासकीय हाईस्कूल कसपुर में शाला प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शासकीय हाई स्कूल कसपुर विकास खंड नगरी जिला धमतरी में शासन के चलाए गए अभियान के परिपालन में शाला प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य, विशेष अथिति शिवनाथ मरकाम जनपद सदस्य जनपद पंचायत नगरी बोधन सिंह मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत कसपुर रूपोंतीन बाई टैगोर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य आर.एम नागवंशी ने की। सर्वप्रथम माता सरस्वती की तैल चित्र पर पूजा अर्चना करने के बाद, छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं गुलाल लगा कर किया गया।

सभी अथितियों ने अपने वक्तव्य में सभी छात्र छात्राओं को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किए। नव प्रवेशी सभी बच्चों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। उन्हें पुस्तक वितरण करके मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। कक्षा में प्रथम एवम्-द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 9वीं एवं 10वीं के बालक बालिकाओं को मोमेंटो प्रदान करके तिलक लगा कर स्वागत किया गया। उनके द्वारा शाला परिसर पर वृक्षा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सभी स्टॉफ कन्या आश्रम कसपुर के स्टॉफ ठाकुर मैडम चौहान मैडम तथा हाई स्कूल कसपुर के स्टॉफ डीएस गौरे, एनएस राणा, एन पवार, आरडी टैगोर, के नेताम व्याख्याता गण वीपी साहू, पीडी कुलेश्वर, विमला शाक्षी सभी स्टॉफ के सदस्य गण उपस्थित थे।

# नवप्रवेशियों को फूल माला पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



प्राथमिक शाला मेचका व माध्यमिक विद्यालय मेचका, शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरी पारा मेचका में संयुक्त रूप से नए शैक्षणिक सत्र का शाला प्रवेश उत्सव 27 जून शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को फूल माला पहना कर गुलाल लगाकर स्वागत किया और गणवेश , कापी,चॉकलेट एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान किया एवं सभी को खीर पूड़ी खिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच मेचका जीवन नाग, अध्यक्षता हेमानंद मरकाम, विशेष अतिथि भुपेंद्र नाग, सत्यवती साहू, जोहन नेताम, भगवान दीन, राजू पटेल, राजू सोरी, नरेंद्र नेताम, बस्तीमल मरकाम, परमेश्वरी मरकाम, उत्तरा ओटी, रामेश्वर वैष्णव, के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस दौरान मुकुंद ऋषि माध्यमिक शाला मेचका प्राचार्य अशोक बिसेन व प्राथमिक शाला डोंगरीपारा प्रधानपाठक राजाराम पुजारी ने शाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा है कि सर्वेक्षित सभी बच्चों का निर्धारित समय में शाला प्रवेश कराए जाने का आग्रह किया तथा शिक्षा को ही जीवन का आधार बताया।

## चुरियारा पारा स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला चुरियारा पारा नगरी में शाला प्रवेशोत्सव अश्वनी निषाद सभापति नगर पंचायत नगरी एवं नरेश छेदैहा विधायक प्रतिनिधि प्राथमिक शाला चुरियारा पारा नगरी के आतिथ्य एवं शाला विकास समिति उपाध्यक्ष श्रीमती पुनीता ध्रुव की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराया।
इस अवसर पर अनेक व्यंजन भी बनाए गए थे। सभी छात्र छात्राओं को दो सेट में गणवेश वितरण किया गया।

## निधन

### अशोक यादव

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी अशोक यादव 78 वर्ष का निधन 28 जून शनिवार को हो गया।



वे श्रीमती तीजिया बाई यादव के पति, सुनील यादव के भाई एवं मदन यादव, मंगलू यादव के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।

### कमला बाई जोगी

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद निवासी श्रीमती कमला बाई जोगी उम्र 75 वर्ष का 28 जून को निधन हो गया।



वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। वे पूर्व सरपंच रमेश प्रसाद जोगी, महेश प्रसाद जोगी की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें ग्रामीण एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जाना बाई साहू

**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी



जाना बाई साहू का 28 जून शनिवार को निधन हो गया। वे संतोष साहू, सुरेन्द्र साहू, नोहरू साहू की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## अंचल की खबरें

### विंध्यवासीनी वार्ड में मोदी के मन की बात सुनी गई



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड पार्षद अखिलेश सोनकर ने अपने निवास में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात सुनी गई । इस अवसर पर श्री सोनकर ने कहा कि पीएम ने आज के इस एपिसोड में योग दिवस पर फोकस किया। हिन्दुस्तान में इमरजेंसी कैसे लगी। कैसे संविधान की हत्या की गई थी, उस बारे में मन की बात कार्यक्रम से बताया। तेलंगाना के भद्राचलम की महिला पहले रोजी मजदूरी काम करती थी पर अब मिलेट्स से बिस्किट बना रही है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही हैं। मन की बात कार्यकम में अलग अलग राज्यों में हिन्दुस्तान की खूबसूरती देखने और सुनने को मिलती है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अखिलेश सोनकर, शिव नेताम, दिनेश पटवा, श्याम सोनकर, वेदनारायण कुंभकार, लोकेश देवांगन, निलेश सोनकर, रमेश निर्मलकर, भव्या सोनकर उपस्थित रहे।

### सिलीडीह हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मना



**जीजामगांव।** सिलीडीह हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, सरपंच श्रीमती रुचि देवांगन, सांसद प्रतिनिधि योगेश्वर सेन, विधायक प्रतिनिधि पेखन देवांगन, सदस्य रामविशाल साहू, रोहित साहू, थानसिंग यादव, पूर्व सरपंच अमृता देवांगन समेत पालकों ने शाला के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण भी हुआ।

### प्राथमिक शाला डांडेसरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। समस्त अतिथियों और ग्रामीण जनों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को चन्दन से अभिषेक कर स्वागत किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रेमलाल ठाकुर एवं ग्राम पंचायत डांडेसरा के सचिव खेदन लाल निषाद ने कहा कि हमें शिक्षक का सम्मान करते हुए अध्ययन करना चाहिए, जीवन में कुछ पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। शासन के द्वारा दी जा रही मध्यान्ह भोजन, पुस्तक, गणवेश हमारे लिए उपहार है, इसका सम्मान और सदुपयोग करना चाहिए। शाला में सिर्फ पढ़ाई लिखाई ही नहीं होती बल्कि संस्कार भी दिया जाता है, जिससे हम सब एक अच्छा इंसान बन सके, इसलिए खूब पढ़ लिखकर एक आदर्श इंसान बने, एक श्रेष्ठ नागरिक बने, यही हम सब की आकांक्षाएं हैं। सरपंच खुमेश्वरी साहू ने बच्चों को नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल अंगद राम साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष पंकज जोशी, शाला समिति के अध्यक्ष राजनारायण दीवान, सुभाष ध्रुव, प्रेमनारायण टण्डन, टिकेश्वर साहू, भोलेश्वर यादव, आसीन कंवर, कमलेश्वरी साहू, पूर्णिमा कंवर, अमरीका सेन, हेमलता जोशी, शिक्षिका शहनाज़ बानो, अनिता साहू उपस्थित थे।

### मुरा में श्रद्धांजलि योजना की राशि दी

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मुरा निवासी बोधी यादव की बहू के आकस्मिक निधन पर पंचायत की ओर से श्रद्धांजलि योजना के तहत 2000 रूपये दिए गए। 50 किलो अन्न भी दिया गया। मौके पर सरपंच राकेश साहू, पंच प्रतिनिधि प्रदीप साहू, तिलक साहू, पंचायत ऑपरेटर रूपेंद्र साहू, भृत्य ओमप्रकाश समेत अन्य उपस्थित थे। मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।



## पेज 11 के शेष

### बारिश में मुसीबत...

भेजे गए, परन्तु अब तक किसी प्रकार की स्वीकृति नहीं मिली। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में यह रास्ता पूरी तरह से कीचड़ में बदल जाता है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा केवल चुनावी समय में ही आश्वासन दिया जाता है, लेकिन काम के समय कोई सुध लेने नहीं आता। आए दिन बीमार ग्रामीणों को अस्पताल पहुँचाने में दिक्कत होती है, तो बच्चों को स्कूल जाते समय फिसलने का डर सताता है।
खेती और आवागमन दोनों पर पड़ रहा असर भालेसुर के किसानो ने कहा कि खेतों में उपज ले जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है, लेकिन इसकी खराब स्थिति से ट्रैक्टर और गाड़ी चलाना जोखिमभरा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र इस मार्ग को पक्का बनाया जाए ताकि भविष्य में जनजीवन प्रभावित न हो।

### जर्जर बायपास बना...

का मामला हो जिले से करोड़ अरबो रुपए प्रदेश के खजाना में जा रहा है किंतु इस जिले को ही पैच वर्क के लिए राशि उपलब्ध नहीं हो पन सोचने वाली बात है।
**दुर्घटना के मुहाने पर बायपास मार्ग-** बायपास मार्ग अत्यधिक जर्जर होना छोटे बड़े वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गया है बड़े-बड़े गड्ढो के चलते उन्हें बार-बार क्लच दबाना पड़ता है जिस कारण से समय एवं पेट्रोल व गाड़ी मेंटेनेंस का नुकसान हो रहा है जिसे आए दिन बड़े वाहनों के पट्टे टूटने एवं विभिन्न प्रकार की समस्याएं देखने को मिलती है मिल रही है।
**अधिकारी भी हैं हालात से वाकिफ, फिर भी खामोशी बरकार-** ऐसा नहीं है कि विभागीय अधिकारियों को इस मार्ग की हालत की जानकारी नहीं है किंतु समय रहते इन गड्ढों को नहीं भरना इस इससे साफ जाहिर होता है कि विभागीय अधिकारी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।

### हरदी-चितावर पहुंच...

बन रहती है। खासकर बरसात के दिनों में गड्ढो में पानी भर जाने से गहराई का पता नहीं चलता इसमें गाड़िया असंतुलित हो जाती है। जिससे लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। ग्राम चितावर के लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण को सात साल ही हुए है और रोड काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह पर जानलेवा बड़े-बड़े गड्ढे बन चूके है, जिस पर राहगीर रोजाना गिरकर चोटिल हो रहे है। ग्रामीणों की माने तो कार्य की गुणवत्ता खराब रहने के कारण यह सड़क बरसात के मौसम में गड्ढो में तब्दील हो गई है। ऐसे में ग्राम चितावर व हरदी के रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
**स्कूली बच्चों और दोपहिया चालकों के लिए बनी मुसीबत-** चितावर के ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने सड़क निर्माण के कार्य में काफी अनियमितता बरती थी और लाखों की लागत से इस सड़क निर्माण में घोटाला किया था। चूंकि कार्य की गुणवत्ता सही रहती तो अभी सात साल के पहले ही सड़क का ये हाल नहीं हुआ होता। जब सड़क बन रही थी तो यहां के लोगों को लगा कि अब रास्ते की उनकी समस्या का निराकरण हो जाएगा। मगर परेशानी तो और बढ़ गई। आए दिन इन गड्ढों के कारण कई बार दोपहिया चालक गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे है, वही पैदल चलने वालों के लिए भी यह खतरा बना हुआ है। साथ स्कूली छात्र छात्राओं को इसी रोड से होकर स्कूल आना जाना करना पड़ता है, जिसे काफ़ी परेशानी उठानी पड़ती है। इस प्रकार ख़राब रोड की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।

### जिम्मेदारी से ...

से सितम्बर 2018 में सड़क का निर्माण कराया गया था। ठेकेदार रामराजा मिनरल्स एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड रायपुर ने उक्त सड़क को तीन साल का गारंटी दिया था। हालांकि ठेकेदार की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है। इस रोड का पुनः निर्माण की आवश्यकता है। ग्रामीणों की लम्बे समय से मांग भी है।

### बलौदाबाजार में यातायात...

गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 22 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6600 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 34 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 17,000 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 28 जून को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल वाहन चालकों के विरुद्ध 84 कार्रवाई कर 44,700 समन शुल्क वसूल किया गया है।

### बरबसपुर में डायरिया...

उल्टी दस्त के शिकार हो गए थे जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा मितानिन के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग को दी गई जिसके एक बाद स्वास्थ्य विभाग टीम हरकत में आई और शनिवार को कैंप लगाकर सभी का जांच किया गया और इलाज किया। इस संबंध में ग्राम पंचायत खैरा ब के सरपंच हिमाचल पटेल, कांग्रेस नेता पेखन ध्रुव, डॉ कुंज राम सेन, प्यारे लाल पटेल, डोमार सिंह ध्रुव, पंच जीवन लाल ध्रुव सहित ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को अचानक गांव के कई महिला एवं पुरुषों का तबियत बिगड़ गया और उल्टी दस्त होने लगा जिसके बाद गांव के हालत बिगड़ते देख ग्रामीणों ने मितानिन दीनू बाई सेन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल के प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी को इसकी जानकारी दी गई जिसके बाद टीम हरकत में आई और दूसरे दिन शनिवार को लगाकर इलाज किया गया तथा कुछ लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में में भर्ती कराया गया है।

### निजी प्रवास पर...

मंत्री ने आश्वासन देते हुए जल्द मांग पूरी करने की बात कही। साथ ही अल्प समय मे शानदार व्यवस्था करने पर जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप

### अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के नए सदर बने अनीस

**अंतागढ़।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी अंतागढ़ के पूर्व सदर समद खान सहित कमेटी के सभी सदस्य ने शुक्रवार जुमा की नमाज से पूर्व इस्तीफा दिया। इसके बाद शनिवार की शाम समाज की बैठक आहूत की गई। जिसमे नई वर्किंग कमेटी का गठन किया गया। समाज ने सर्वसम्मति से अनीस खान को सदर चुना और सेक्रेटरी मुनीर फरीदी, सदस्य शेख शरीफ कुरैशी, खलील खान, लतीफ खान, राजू खान, रऊफ खान को बनाया गया। समाज द्वारा चुने हुए सदस्य को एक नई ऊर्जा प्रदान करने व समाज के बेहतरी के लिए कार्य करने जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त सदर ने कहा कि पूरी कोशिश करूंगा की आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतर सकू और समाज के लिए जो भी बेहतरी हो सके करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पूर्व सदर समद खान, शोएब रजा, जहांगीर खान, हनीफ खान, अयूब खान, नियाज खान, निशार खान, एजाज खान, तबरेज रजा सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सुनी गई मन की बात

**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड मे रविवार को मन की बात प्रभारी उमेश गुप्ता के निवास में अतिथि के रूप में संग्राम सिंह राणा एवं अविनाश सिंह गौतम की उपस्थिति में एवं कार्यक्रम प्रभारी बंटू पांडेय के सहयोग से 123 वां एपिसोड सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में योग दिवस की बात की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा तेलंगाना में 3000 दिव्यांग साथियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों ने एक साथ योग किया। इमरजेंसी के दौर में लोगों को प्रताड़ित किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है। भारत देश में 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। आने वाले समय में भारत और सशक्त होगा। कार्यक्रम में राजेश कुशवाहा, रोहित सिंह,रेनू गुप्ता, प्रीति वानखेड़े, भगवती साहू, वीरेश गुप्ता, परेश गुप्ता, प्रदीप पाणिग्रही, राकेश झा सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

### मोदी के मन की बात कार्यक्रम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार : मोटवानी

**धमतरी।** आमापारा वार्ड पार्षद विजय मोटवानी ने पारिवारिक वातावरण में अपने बच्चों के साथ पीएम मोदी के मन की बात का श्रवण किया। श्री मोटवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता के साथ रूबरू होते हैं। 123वें एपिसोड में मोदी जी ने 21 जून के योग को विश्व सर्व स्वीकार्यता के भाव को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए आपातकाल को याद किया। इसे भारत के इतिहास का काला दिवस बताया। 3 जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ सावन माह के पूर्व भगवान भोले भंडारी के प्रति आस्था व श्रद्धा के साथ देश की कावड़ यात्रा को सबसे बड़ा उत्सव बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने चारों तरफ धार्मिक उल्लास तथा आस्था व श्रद्धा को भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति की धरोहर बताया। अंतरिक्ष में जाने वाले सुशांत शुक्ला की प्रशंसा की। पार्षद तथा नगर निगम के एमआईसी मेंबर श्री मोटवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात ने सावन के पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देशवासियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

### दुर्गा को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत सम्मान

**महासमुंद।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तुमगांव के सभागार में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड महासमुंद की शासकीय प्राथमिक शाला, भलेसर में पदस्थ सहायक शिक्षिका दुर्गा यादव को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक सेवाओं के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण- शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

---

**मेला:** नपाध्यक्ष अशोक जैन ने किया फीता काटकर शुभारंभ

# उत्सव मेला का हुआ रंगारंग आगाज़ झूलों और खरीदी स्टॉल से गुलजार दशहरा मैदान






हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नगर के स्थानीय दशहरा मैदान में उत्सव मेला का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केशरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउट एण्ड गाइड, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद लोकेश चेलक, गौतम सिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, जिला भाजपा की उपाध्यक्ष नीलम सोनी ने उत्सव मेला शुभारंभ के अवसर पर पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने आयोजकगणो को उत्सव मेला की शुभकामनाएं देते हुए नगर वासियों के लिए अच्छे मनोरंजन के खेल व अलग-अलग किस्म के झुला लगाए गए है।

■ खेल, झूले, खानपान और बाजार के स्टॉलों से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दिखा उत्साह

झूलों से परिवार के स्वस्थ्य मनोरंजन का माध्यम बताया गया, संचालन करता दीपक मौर्य ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को उत्सव मेला शुभारंभ के अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट की व अतिथि गणों को झूला व उत्सव मेला स्थल का अवलोकन भी कराया गया, जहां कुछ मनोरंजन झूले का आनंद भी अतिथियों ने उठाये व उत्सव मेला में लगाए गए झूले टोरा टोरा, आकाश झूला, ड्रैगन ट्रेन, ब्रेक डांस झुला, बच्चों के मनोरंजन झूलों के साथ-साथ आकर्षक खरीदी हेतु सामग्री की दुकान, कॉटन कपड़े, साड़ियां, शर्ट, क्रांकरी, फैंसी, एवं गृहस्थी की सामग्री, अचार पापड़, कारपेट, व अन्य खेल मनोरंजन के स्टाल लगाए जाने की जानकारी दी गई।

#### ये रहे उपस्थित

*उत्सव मेला मीना बाजार मनोरंजन प्रदर्शनी आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर पार्षद मनोज कान्त पुरैना, रवि फेकर भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, के. के. वर्मा, राहुल सोनी, उमा शंकर सोनी, जितेंद्र जैन, रवि साहू, अरुण माहेश्वरी, सूरज सराफ, दिलीप केशरवानी, भारत भूषण साहू, मीना बाजार स्टाल मैनेजर आजाद, मैनेजमेंट श्रीधन, सहित अन्य नागरिकगण एवं उत्सव मेला के स्टाफ उपस्थित थे।*

---

# ठाकुर दिग्विजय सिंह ने किया स्कूल भवन निर्माण के लिए दान देने का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

तिल्दा नेवरा विकासखंड ग्राम की शासकीय प्राथमिक शाला भरुवाडीह कला में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया। ग्राम के प्रतिष्ठित अधिवक्ता ठाकुर दिग्विजय सिंह ने विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु दान देने की घोषणा कर शिक्षा के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में ग्राम के सम्माननीय नागरिक भगतराम निषाद, मेघनाथ ध्रुव, नारायण साहू, लकेश्वर साहू, चैन सिंह ध्रुव, हुलास ध्रुव, हीरा सिंह वर्मा, तीजराम निषाद, हीरा सिंह ध्रुव सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस घोषणा के अवसर पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने ठाकुर दिग्विजय सिंह के इस योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। सभी ने एक स्वर में इस पहल की सराहना की और इसे गांव के बच्चों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

**सुधरेगी पढ़ाई की गुणवत्ता-** इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और कहा कि ठाकुर दिग्विजय सिंह का यह दान भावी पीढ़ियों के लिए शिक्षा की मजबूत नींव रखेगा। यह पहल न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित करेगी। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं समस्त ग्रामवासी इस महान योगदान के लिए ठाकुर दिग्विजय सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

---

# शासकीय स्कूल में निःशुल्क पुस्तक वितरण बच्चों को दी गई शिक्षा में निष्ठा की प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

शिक्षा विभाग ने शिक्षा सत्र 2025-26 के तहत सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की तैयारी कर स्कूलों में पुस्तक का वितरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरदा में शाला प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक रखा गया था।

बैठक उपरांत स्कूली छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद यादव, प्रभारी प्राचार्य यशवेन्द्र कुमार ताम्रकार के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को अतिथियों की उपस्थिति में पुस्तक का वितरण किया गया। लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं नियमित स्कूल पहुंचकर अच्छे से पढ़ाई करे। आज के बच्चे कल का भविष्य है। बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करे और अपने माता-पिता एवं शिक्षकों, एवं देश का नाम रौशन करे। इस दौरान शिक्षकगण मूलचंद कृष्णा, एम.के.साहू, दुर्गेश्वरी बघेल, गुप्ता, एम.के.तारक, जांगडे सर, सविता पाटले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

# पवनी में निकली ऐतिहासिक रथयात्रा, भक्तिभाव और लोकसंस्कृति का अनुपम संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पवनी

वर्षों की आस्था और भक्ति की धारा, आज फिर पवनी की ऐतिहासिक रथयात्रा निकली। 1934 में ठंडारामजी साहू (मोकरदम) और गाँव के सहयोग से निर्मित मंदिर के गर्भगृह से निकलकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपने भक्तो को दर्शन दिया। यह यात्रा सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रेम, सांस्कृतिक विरासत, आत्मीयता और सामूहिक श्रद्धा की पुष्टि करती है।ठंडारामजी साहू (मोकरदम) और गाँव के ग्रामीणों ने 1934 में निरंतर श्रम, आर्थिक सहयोग और भक्ति से इस मंदिर का निर्माण शुरू किया। स्थानीय बांस-ईट व पत्थर सामग्री के अलावा, श्रमदान, छोटी-छोटी दानराशियों की साझा शक्ति ने इसे संभव बनाया।

आज भी यह मंदिर पवनी का धार्मिक केंद्र माना जाता है, खासकर आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को निकली



रथयात्रा के दौरान। 1934 में मंदिर निर्मित और पहली बार रथयात्रा की शुरूवात हुई। हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की मूर्तियाँ रथों पर विराजमान की जाती हैं। मंदिर से नृत्य-गीत, भजन-कीर्तन और पुष्प वर्षा के बीच लगभग 3–4 किमी का मार्ग तय करके निकाली जाती है। 15 दिन पहले से रथ की मरम्मत, रंगाई, फूल-झंडों से सजावट और साधन सामग्री जुटाई जाती है। लकड़ी, कपड़े, सजावटी ढोलक व झांकी की सुंदर रचना होती है। वही आज के दिन "जयजगन्नाथ" की गूँज के साथ स्थल-स्थल फूलवर्षा, भजन-कीर्तन, झांकियों, नृत्य, देशी वाद्य व्यवस्था, प्रसाद वितरण की व्यवस्था की होती है। पवनी की ये गतिविधियां स्थानीय संस्कृति की विविधता का साक्षी हैं। इस दौरान रथ मंदिर से निकलकर मुख्य मार्गों से होकर कुआं चौक, बाड़ा चौक, वीडियो चौक, बस स्टैंड, बाजार चौक, बजरंग चौक, आजाद चौक, संतोष चौक, यादव चौक, राम गुड़ी चौक होते हुए पुनः मंदिर में लौटता है। साधारणतः 3–4 घंटे में पूरा रास्ता तय होता है और पूजा-अर्चना के बाद मूर्तियों को समलाई माता मंदिर के बगल कक्ष में विराजित किया जाता है। अगले दस दिनों तक इन्हें यही रखा जाता है।

■ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले जगत के नाथ

#### रथ की रस्सी को पकड़ना पुण्य का कार्य

रथ की रस्सी को अपनाते ही भक्तों को जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है। यात्रा में शामिल होना, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद-प्रदान यह सब धर्म-संस्कृति कुल को जोड़े रखते हैं। यह यात्रा न केवल आस्था की पुकार है, बल्कि साथ, सहयोग, समरसता व सामाजिक सौहार्द का प्रतिबिंब है।

---

# वृक्ष दिवस पर मातृशक्ति ने दिया प्रकृति-संरक्षण का संदेश गुलमोहर का पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**भाटापारा।** वृक्ष दिवस पर विचार अभिव्यक्ति पौधारोपण की प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत विचार अभिव्यक्ति की कड़ी मे मातृशक्तियों द्वारा प्रकृक्ति एवं पर्यावरण पर अपने विचार व्यक्त किए गये। चूंकि 28 जून वृक्ष दिवस के रुप में मनाया जाता है लिहाजा इस महत्वपूर्ण दिवस का स्मरण करते हुए तथा वृक्ष दिवस के दिन पौधारोपण का उल्लेखनीय कार्य संपादित होने का भाव अभिव्यक्त करते हुए वक्ताओ द्वारा वृक्ष की महत्ता एवं उसके संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वृक्ष दिवस पर आयोजित पौधारोपण प्रक्रिया में अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति एवं ग्रीन आर्मी की मातृशक्तियों की भागीदारी के साथ



ही विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की अहम सहभागिता नजर आयी उक्ताशय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी द्वय ममता दीवान एवं सरिता रानी शर्मा ने बताया कि उमंग एवं उल्लास के साथ संपन्न हुए पौधारोपण अभियान में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों जिनमे सीमा शिवरतन शर्मा, नेहा अश्वनी शर्मा उषा मिश्रा, अंजू भृगु, बबीता भृगु, चंदा शर्मा, संध्या तिवारी गंगा शर्मा आदि सहित शाला के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

#### पूजन अर्चन से शुभारंभ

अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति अध्यक्ष कविता शर्मा एवं ग्रीन आर्मी प्रमुख सीमा अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित पौधारोपण का शुभारंभ पौधापूजन से हुआ, जिसके तहत उपस्थित सदस्यों द्वारा पौधापूजन किया गया तथा रोपण के साथ ही संरक्षण की भावना से संकल्पित होते हुए पौधारोपण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तथा विद्यालय परिसर में गुलमोहर के पौधे का रोपण किया गया।

---

### कॉलेज में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 जून प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण (एनएटीएस) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोनू ऊके संपर्क अधिकारी, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड, शिक्षा मंत्रालय के स्वायत्त निकाय भारत सरकार उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा रानी प्रधान संयोजक साहित्यिक सांस्कृतिक समिति थी। इस अवसर पर रोजगार एवम् कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक दिलीप बढ़ाई विभागाध्यक्ष भूगोल, सदस्य मनबोध चौहान सहा प्राध्यापक, अजय कुमार राजा अध्यक्ष वाणिज्य संकाय, सरस्वती सेठ सहा प्राध्यापक रसायन, डॉ अजय देवांगन सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर विभाग, दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम संचालित हुआ।

---

# कृषि आदान केंद्रों पर चला जांच अभियान, 2 केंद्रों को नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। कृषि केन्द्रों में किसानों को गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। विकासखंड पलारी के निरीक्षक सूचिन कुमार वर्मा द्वारा ग्राम ओड़ान में संचालित अनिल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय में उपलब्ध कीटनाशक स्कंध एवं उसकी मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी जिससे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा साहू कृषि केंद्र मोहतरा, का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय केंद्र में उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं उसका निर्धारित मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था जिससे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड भाटापारा के विनय इंटरप्राइजेज का भी निरीक्षण किया गया तथा उन्हें शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए विक्रय केंद्र संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए।

■ गुणवत्ता नियंत्रण हेतु कलेक्टर के निर्देश पर शुरू हुई विशेष कार्रवाई

■ मूल्य सूची और स्टॉक प्रदर्शन में लापरवाही पर दी गई सख्त चेतावनी

#### सख्त निर्देश-लापरवाही पर होगी कार्रवाई

*उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषि आदान विक्रय केंद्रों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कृषि केंद्रों के संचालन में शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा विक्रय केंद्रों में उपलब्ध उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक स्कंध एवं उसका मूल्य सूची केंद्र के बाहर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, जिससे वहां आने वाले किसानों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके। कृषि विभाग के मैदानी अमलो को भी कृषि केंद्रों का निगरानी करने तथा किसी प्रकार की अनियमितता की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।*

---

स्कूल चले हम गीत से गूंजा परिसर, प्रतिभाशाली बच्चों को किया पुरस्कृत

# नवप्रवेशी बच्चों का हुआ भव्य स्वागत, छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह कला (तिल्दा) में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय के नवप्रवेशी कक्षा पहली और कक्षा छठवीं के बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा जनपद सदस्य लेखूराम राम सेन, अडानी फाउंडेशन के सी एस आर अधिकारी वीके सिंह, इकोरेक्स कंपनी के साइड इंचार्ज हरीश सर, सेवानिवृत्त व्याख्याता सीताराम यादव एवं भूपेंद्र नायक सर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष भगत राम निषाद एवं चैन सिंह ध्रुव ,विधायक प्रतिनिधि नारायण साहू तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे ने किया। इस अवसर पर कक्षा पहली के बच्चों ने स्कूल चले हम गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया और मिडिल स्कूल की बालिकाओं द्वारा बेटी हिंदुस्तान की गीत पर लेजिम का प्रदर्शन किया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा । स्वाति वर्मा एवं सरपंच ने नवप्रवेशी





बच्चों को स्कूल बैग, यूनिफार्म और पुस्तक, पेन पेंसिल कंपस भेंट करके प्रतिदिन स्कूल आकर नई-नई चीज सीखने के लिए प्रेरित किया साथ ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय को वॉटर प्यूरीफायर देने की घोषणा की ।

#### प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

जनपद सदस्य लेखू राम सेन जी ने कक्षा आठवीं के प्रथम टीना वर्मा 92%और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली काजल निषाद को 500 –500 रु. का पुरस्कार दिया और विद्यालय के लिए 500000 का शेड बनवाने की घोषणा की । विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों कक्षा छठवीं हसीना ध्रुव 93% , पुरुषोत्तम निषाद 89%, सातवीं विद्या वर्मा 99.3%, लक्ष्मी वर्मा 99% और आठवीं के प्रथम टीना वर्मा 92%, काजल निषाद 91.17% साथ ही, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को संस्था के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने, 500, 200, 100, शिक्षक कृष्ण किशोर साहू और सरपंच चितरेखा सेतकुमार बंजारे ने पांचवी, छठवी, सातवीं, आठवीं के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 500–500 का पुरस्कार दिया । शाला विकास समिति के अध्यक्ष भगत राम निषाद ने अपने पिता स्वर्गीय परदेसी राम निषाद की स्मृति में कक्षा आठवीं और पांचवी के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 500 और मोमेंटो प्रदान किया और आजीवन देने का वादा किया। एसएमसी सदस्य डॉक्टर सुरेंद्र निषाद द्वारा कक्षा पहली और छठवीं के बच्चों को पेन पेंसिल पहाडा और कॉपी भेंट किया गया । शिक्षक वीरेंद्र कुमार वर्मा ने छठवीं सातवीं आठवीं के प्रथम आए बच्चों को स्कूल बैग भेंट किया ।

#### 365 दिन स्कूल आने वाले छात्रों को मिला विशेष सम्मान

पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाड़ीह कला पूरे 365 दिन खुलता है जिनमें पूरे 365 दिन विद्यालय आकर पूरे गर्मी भर पौधों को पानी देकर विद्यालय के गौरव बने 10 छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी पंच, एस एम सी सदस्य प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के बच्चे, शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार वर्मा शिक्षक ने किया।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेल रहे चार लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने ग्राम भोरिंग में जुआ खेल रहे चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस न बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भोरिंग रामजी बांधे के मकान के बाजू खुले स्थान पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी मोहन लाल धीवर पिता मिलऊ राम धीवर (50 वर्ष) वार्ड नं 15 भोरिंग थाना तुमगांव, तीजराम बंजारे पिता बंशी बंजारे (38 वर्ष) वार्ड क्र 14 भोरिंग थाना तुमगांव, अमरूद पिता हरीराम मेहर (35 वर्ष) वार्ड क्र 11 भोरिंग थाना तुमगांव, शैलेष नेहरू पिता बाहरा नेहरू (45 वर्ष) वार्ड क्र 01 भोरिंग थाना तुमगांव पर कार्रवाई की। आरोपियों के कब्जे से कुल 2340 रुपए बरामद किया गया।

### रथयात्रा में शामिल हुए नपाउपाध्यक्ष

**महासमुंद।** रथयात्रा पर्व पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का स्वागत नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने किया। और यात्रा में शामिल होकर शहरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

### अरंड में निकाली गई रथयात्रा



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भैया बलभद्र थे। ग्राम अरंड के महाराज खूबचंद दुबे ने हर साल के भांति इस इस साल भी रथयात्रा निकाली। इसमें सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, दिनेश दुबे, गंगाधर निर्मलकर, दीनबंधु पटेल, रोहित पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, हेम सिंह साहू, कविता पटेल, लीला बाई पटेल, विधि, डिंपल, वेदानस, प्रेम, गोपी पटेल, रमन पटेल, मीरा, ऋषिकेश पटेल, मंजू, ज्योति पटेल आदि का सहयोग रहा। यह जानकारी शोभाराम ध्रुव ने दी है।

### पेड़ काटने से मना करने पर बड़े ने छोटे भाई की कर दी पिटाई, मामला दर्ज

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत मण्डागांव निवासी 29 वर्षीय भगत दास पिता स्व. सुखदेव दास ने पुलिस को बतायाक कि 26 जून की शाम को मेरे घर के सामने मेरा बड़ा भाई भगवान दास आया और मेरे हिस्से में लगे पेड़ को काटने का प्रयास कर रहा था। पेड़ को काटने से मना करने पर आरोपी भगवान दास ने मुझे गाली दिया और जान से मार दूंगा कहकर बांस के डंडा से मारपीट किया, जिससे मेरे कमर और पीठ में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भगवान दास बैरागी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### लमकेनी में सीएससी भवन के लिए भूमिपूजन

**तेंदूकोना।** जनपद क्षेत्र क्रमांक 05 सम्हर के ग्राम लमकेनी में सीएससी भवन के लिए भूमिपूजन हुआ। शासकीय उच्चतर विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया गया। पश्चात बूथ क्रमांक 112 में मोदी के मन की बात सुना गया। इस अवसर पर महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जनपद सदस्य तारेश्वरी पटेल, सरपंच लक्ष्वंतीन बाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण पिलेश्वर पटेल, आत्माराम दीवान, लछनलाल बारिहा, पंच नंदलाल पटेल, सचिव भूपेंद्र साहू, पीतांबर साहू, पंचायत पदाधिकारीगण ग्राम बुजुर्ग व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर द्वारा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# सफलता की ओर कदमः मजदूर का बेटा मजदूर नहीं अब डॉक्टर बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अलग खबर

बलौदाबाजार- भाटापारा जिले के पलारी तहसील के ग्राम बिनौरी के मजदूर किसान परिवार का बेटे का डॉक्टर बनने का सपना अब साकार होने वाला है जब उसने नीट की परीक्षा पास कर लिया है जिससे घर परिवार में खुशी का माहौल है।

ग्राम बिनौरी के शुकदेव सेन व उषा सेन के खुशियों का ठिकाना नहीं है जब उन्हें उनके बेटे के नीट परीक्षा पास करने की जानकारी मिली है और उनकी मेहनत को साकार करने का काम उनके पुत्र रितेश सेन ने किया है। पिछले दिनों नीट परीक्षा का रिजल्ट आया था जिसमें रितेश सेन ने आल इंडिया में 8124 वां व कैटगरी रैंक में 3300 रैंक प्राप्त किया है। तथा कुल 720 अंकों में 561 अंक प्राप्त हुआ है।

## बिनौरी के रितेश सेन फतह की नीट परीक्षा की चुनौती

### सपना अब हकीकत के करीब

रितेश सेन ने बताया कि वह उनके माता पिता के सपनों को साकार करने की दिशा में एक कदम बढाया है उसके डॉक्टर बनने का सपना साकार होगा। उसने आगे बताया कि उसके पिता शुकदेव सेन किसान है माँ घर में रहती है तथा एक बहन है प्रारंभिक शिक्षा बिनौरी में हुई इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय में उसका सलेक्शन हुआ जहाँ धवन में उसने कक्षा छठवीं से बारहवीं तक पढाई किया इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन मिला वही दक्षिणा फाउंडेशन में कोचिंग किया जहाँ से उसका सलेक्शन पुणे में कोचिंग के लिए हुआ और वही से उसने नीट परीक्षा दी थी जिसमें आल इंडिया में 8124 व कैटगरी रैंक में 3300 वे स्थान पर है। शुरू से ही उसके माता पिता के साथ स्वयं का सपना था कि वह डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करे और वह सपना अब पुरा होने वाला है फिलहाल उसकी काउंसिल नहीं हुई है काउंसलिंग के बाद ही पता चलेगा कि उसे कहाँ जगह मिलती है। उसने कहा कि गरीबी अभिशाप नहीं है यदि हम लगन व लक्ष्य बनाकर मेहनत करें तो सफलता अवश्य मिलती है। मै अपनी सफलता को अपने माता पिता गुरू जनो का आशीर्वाद मानता हूँ जिनके फलस्वरूप मैं यह परीक्षा पहली बार में ही पास कर लिया हूँ। सभी छोटे भाई बहनों से यही कहुंगा कि लगन से मेहनत करो लक्ष्य बनाओ और उसे साधो सफलता मिलेगी।



### पिता की आंखों में गर्व

*पिता शुकदेव सेन ने बताया कि उसका पुत्र शुरू से प्रतिभावान है पढाई अच्छे से करता था आज बहुत गर्व हो रहा है उस पर। मैं अपने इष्टदेव गुरु व उसे पढाने वाले सभी शिक्षकों प्राचार्य महोदय को इसके लिए धन्यवाद देता हूँ। जिन्होंने उसके पुत्र को इस सफलता के लिए मार्गदर्शन आशीर्वाद प्रदान किया है आगे भी इसी तरह आशीर्वाद बनाये रखें यही कामना है।*

## प्रेस कॉन्फ्रेंस: विधायक ने विभागीय कार्रवाई पर उठाए सवाल

# विधायक ने प्रशासन और पुलिस पर लगाया रेत व चूना पत्थर माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- खपरीडीह में परमेश्वर साहू की पिटाई के पीछे अवैध उत्खनन का विरोधः संदीप साहू

रविवार को कसडोल विधायक संदीप साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासन और पुलिस विभाग की कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है, आपको बता जिले के कसडोल विकासखंड के ग्राम खपरीडीह में 15 दिनों पूर्व हुए परमेश्वर साहू से मारपीट मामले में पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति पर प्रेम प्रसंग का मामला बताया गया था जिसपर कसडोल विधायक संदीप साहू ने सवाल खड़ा किया है, विधायक ने कहा कि पूरा मामला खनिज से जुड़ा था लेकिन माफियाओं को संरक्षण देने और अपनी नाकामी छिपाने पुलिस विभाग ने मामला ही बदल दिया था विधायक ने कहाँ बीते रात्रि उक्त पीड़ति युवक परमेश्वर साहू पर गिधौरी थाने में हुए कार्रवाई पर भी सवाल खड़ा किया है। दरअसल रविवार को कसडोल विधायक संदीप साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर क्षेत्र में चल रहें अवैध उत्खनन और चुनापत्थर की तस्करी पर खनिज और पुलिस विभाग की कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है। विधायक ने बताया कि दिन से रात होते ही खपरीडीह से सैकड़ों ट्रैक्टर पत्थर का अवैध परिवहन बलौदाबाजार जिले से जांजगीर चांपा जिले में करते है। पत्थर माफिया गिधौरी से शिवरीनारायण महानदी ब्रिज को पारकर दोगुनी दामों पर पत्थर को बेचकर बेइंतहा पैसा छाप रहे है लेकिन गिधौरी नाका में वनोपज नाका होने के बावजूद ये पत्थर माफिया आखिर बलौदाबाजार जिले से जांजगीर चांपा जिला कैसे चला जाता है, यह प्रशासनिक गलती है, सूत्रों की माने तो वनोपज नाका में वन विभाग और खनिज विभाग के कर्मचारियों का 24 घंटा ड्यूटी है इनका काम है कि एक जिले से दूसरे जिले जा रहे वाहनों की इंट्री और चेकिंग करना मगर इन साहब तो खुद पत्थर माफिया से प्रति ट्रैक्टर पैसे लेते है और तभी गिधौरी से शिवरीनारायण महानदी रिवर पार कर ले जाते है।

### पुलिस का पक्ष भी आया सामने

कल परमेश्वर साहू अपनी ट्रेक्टर में पत्थर भरकर शिवरीनारायण जा रहा था रोकने पर नहीं रुका तो महानदी से पकड़ कर लाया गया, जिसके पास कोई दस्तावेज नहीं था। सिर्फ उन्हीं के ऊपर कार्रवाई नहीं है जो भी अवैध परिवहन करते मिलेगा कार्रवाई की जावेगी।

धीरेन्द्र दुबे
थाना प्रभारी, गिधौरी



### सीसीटीवी फुटेज से हो सकता है खुलासा

मुझे उनके इस कार्यवाही से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन क्या वहां 15 दिनों में एक बार सिर्फ परमेश्वर साहू ही अवैध परिवहन किया किसी और की गाड़ी में कोई परिवहन नहीं हुआ। गिधौरी में वनोपज और माइनिंग विभाग का संयुक्त बैरियर है वह क्यों उसे छोड़ दिया जिसे पुलिस वाले शिवरीनारायण से पकड़ कर लिए, यह पूर्णतः दुर्भावना पूर्ण की गई कार्रवाई है, जिसका प्रमाण 15 दिन के सीसी टीवी फुटेज निकलकर देखा जा सकता है चौक में ही शर्मा होटल में लगी कैमरे निकला जा सकता है। श्री साहू ने अंत में यह भी कहा कि प्रशासन द्वारा सात भंडारण एवं क्रेशर पर कार्यवाही तो किया है लेकिन माइनिंग विभाग जांच करे कि भंडारण में किसके खदान से पत्थर आता है और वह पत्थर एक नंबर का है या दो नंबर का है। शासन प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले समय में अवैध उत्खनन व परिवहन पर शिकायत करने वाले के ऊपर कभी भी अनहोनी हो सकती है।

### खनिज और पुलिस विभाग की भूमिका पर सवाल

खपरीडीह में अवैध परिवहन पर आवाज उठाने वाले व्यक्ति का क्या हश्र होता है यह बताने के लिए परमेश्वर साहू को खंभे में बांधकर पीटा गया और कल उनके ऊपर की गई कार्यवाही दुर्भावना पूर्वक की गई कार्यवाही है, उक्त बातें विधायक संदीप साहू ने रविवार को अपने प्रेस वार्ता में कहा। उन्होंने इस घटना के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि खपरीडीह में वर्षों से अवैध उत्खनन किया जाता रहा है माफिया राज चलता है, पिछले 12 जून को परमेश्वर साहू को सिर्फ इसलिए खंभे में बांधकर बुरी तरह से पीटा गया कि वह अवैध उत्खनन व परिवहन की शिकायत किया था ।और माइनिंग एवं पुलिस वाले अपनी गलती छिपाने प्रेम प्रसंग का मामला बता दिया जबकि आज तक कोई स्वीकार नहीं किया कि यह प्रेम प्रसंग का मामला है ।परमेश्वर साहू 28 जून को अपने ट्रेक्टर में पत्थर भर कर शिवरीनारायण जा रहा था तब पुलिस पुलिस वाले उसे शिवरीनारायण से पकड़कर लाए और कार्यवाही किए।

## नयापारा व सुभाष नगर में पुलिस सहायता केंद्र खोलने की मांग को लेकर मंत्री से मिले नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने महासमुंद प्रवास पर पहुंचे गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर शहर के दो स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) खोलने की मांग की है। इस बाबत नपाध्यक्ष साहू ने गृहमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा।

नपाध्यक्ष साहू ने मंत्री को बताया कि शहर के नयापारा बुगलू चौक वार्ड क्र. 07 में कुछ वर्ष पहले पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) वर्तमान में बंद है। नयापारा क्षेत्र में बढ़ते अपराध को रोकने तथा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी रखने के लिए इस पुलिस सहायता केंद्र की खोलने की सख्त आवश्यकता है। इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के चलते नयापारा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड के नागरिकों ने बंद पड़े उक्त पुलिस सहायता केंद्र को पुनः शुरू करने की मांग की है। शहर के सुभाष नगर एरिया में भी एक पुलिस सहायता केंद्र खोलने की महती आवश्यकता है। इस क्षेत्र में भी अपराधिक घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। अवैध कारोबार, नशावृत्ति, नशीली सामग्रियों की बिक्री जैसे अवैधानिक कृत्यों को रोकने तथा क्षेत्र में शांति स्थापित करने सुभाष नगर में भी एक पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) खोलने की अनुमति प्रदान करने की मांग साहू ने की।

# तीन दिवसीय नेशनल टेनिस वॉलीबॉल चैंपियनशिप, छत्तीसगढ़ को मिला सिल्वर

**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के खेल मैदान में 25 जून से 28 जून तक तीन दिवसीय नेशनल जूनियर एवं सब जूनियर बालक बालिका टेनिस वॉलीबॉल की प्रतियोगिता संपन्न हुआ । टेनिस वॉलीबॉल एसोशिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव शरद पंसारी एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम के साथ—साथ 10 राज्य के लगभग 200 खिलाड़ी कोच मैनेजर फेडरेशन के टेक्निकल ऑफिसियल अंपायर ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अध्यक्षता डॉक्टर विकास आडिल विशिष्ट अतिथि डॉ वेंकटेश वांगवाड़ फाउंडर टेनिस वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, धरमवीर सिंह जडेजा सी ई ओ टेनिस वॉलीबॉल एसोशिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया। तीन दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप में सभी खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया साथ ही मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम का भी बहुत शानदार प्रदर्शन रहा और सब जूनियर बालिका टीम ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण राम रूप दास महात्यागी (मदकू) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जूनियर वर्ग बालक में प्रथम दिल्ली द्वितीय तेलंगाना, तृतीय महाराष्ट्र बालिका वर्ग में प्रथम कर्नाटक्ज द्वितीय गुजरात तृतीय दिल्ली, मिक्स डबल में प्रथम दिल्ली, द्वितीय महाराष्ट्र तृतीय कर्नाटक सब जूनियर बालक में प्रथम महाराष्ट्र द्वितीय गुजरात तृतीय कर्नाटक बालिका में प्रथम गुजरात, द्वितीय छत्तीसगढ़, तृतीय कर्नाटक मिक्स डबल में प्रथम महाराष्ट्र द्वितीय केरल तृतीय दिल्ली की टीम रही सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किया गया ।



### इनका रहा विशेष योगदान

*उक्त प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भाटापारा,श्रेणिक गोलछा पार्षद एवं शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष, प्रीति बंछोर बिजौरा वरिष्ठ खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार, एस एल पंसारी प्रांतीय सचिव पेंशनर्स समाज, अरुण छाबड़ा उपस्थित थे आयोजन को सफल बनाने में गोविंद पटेल नगर पालिका परिषद सभापति पी डब्लू डी एवं आयोजन समिति सचिव, अरुण गुप्ता, ईश्वर देवदास, हिमांचल, महेश शर्मा, निर्मल जांगड़े,अविचल पाण्डेय, एडवोकेट जे के अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, महेश्वरी पंसारी, सुमन शाहा, आकाश आनन्द, मयंक, शिबू मानिकपुरी, सुजल, चित्ररेखा साहू राजकुमारी भारती, आंचल सिंगरौल के साथ साथ स्थानीय व्यायाम शिक्षक, सभी विभाग विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ, लायंस कान्वेंट स्कूल प्रबंधन समिति एवं स्टाफ,स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद, पुलिस विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।*

## नयापारा में भाजपाइयों ने देखा पीएम के मन की बात कार्यक्रम

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के शिवशक्ति केंद्र में बूथ क्रमांक 181 नयापारा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 123 वां संस्करण का प्रसारण, कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर की उपस्थिति में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा दूरदर्शन पर देखा गया। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने इस दौरान उपस्थित स्थानीय बूथ के कार्यकर्ताओं और नागरिकों से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम को देखने की अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में देश की राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक, विषयों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से सीधा संवाद और चर्चा करते है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, पूर्व पार्षद विजय साहू, भगवती करकसे, सारिका यादव, भगवती साहू, कुंती सिन्हा, उषा साहू, शोभा तम्बोली, भुवन सिन्हा, कुमारी निषाद, विनय वर्मा, कुमारी सोनी, सावित्री सिन्हा, सुशील यादव सहित स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# सिर्फ 21 जून नहीं, सालभर करें योगः रूपनारायण सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

योग केवल एक दिन नहीं, जीवनभर की साधना है। अगर हम 365 दिन योग करें तो निरोगी जीवन पा सकते हैं। यह बात योग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने रविवार को कसडोल में आयोजित योग महोत्सव कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग के माध्यम से न केवल देश, बल्कि पूरे विश्व को जोड़ने का कार्य किया है। उसी कड़ी में यह कार्यक्रम कसडोल में संपन्न हुआ, जिसमें लोगों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई।

योग महोत्सव के इस कार्यक्रम में नमो नमो के प्रदेश अध्यक्ष विनोद अग्रमोदी,योग प्रशिक्षक ज्योति साहू,रवि कुंभकार, सुचीन वर्मा,लोकेश कन्नौजे एवं गंगा प्रसाद साहू ने 2 घंटे बहुत ही अच्छे योगाभ्यास कराए। मंच में अतिथि के रूप में नागेश्वर साहू नगर पंचायत अध्यक्ष, सुदीप मानिकपुरी उपाध्यक्ष, राजकुमार जायसवाल जिलाध्यक्ष पिछड़ावर्ग भाजपा, मोरध्वज पैकरा जनपद सदस्य कसडोल थे।योगाभ्यास में नगर के गणमान्य नागरिक, सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी, युवा, महिला उपस्थित थे। योगाभ्यास के बाद एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण किया गया। अंत में आयुर्वेद विभाग द्वारा भीगा चना मूंग खिलाया गया। योग महोत्सव का आयोजन कीर्ति साहू, सुरेंद्र साहू,संतोष वर्मा एवं अन्य सहयोगियों के माध्यम से किया गया।






- कसडोल में आयोजित योग महोत्सव में उमड़ी भीड़, दो घंटे चला योगाभ्यास

## पंडित रामकृष्ण शुक्ला ने किया श्रीकृष्ण उपदेशों का भावपूर्ण वर्णन

# भूमिया ग्राम में श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह का भावपूर्ण समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने भागवत कथा में पाई आध्यात्मिक अनुभूति

ग्राम भूमिया, विकासखंड तिल्दा में स्वर्गीय सहोदरा बाई साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह, पोथी पाठ तथा वार्षिक श्रद्धा कार्यक्रम का भव्य समापन 28 जून को महाविसर्जन एवं श्राद्ध अनुष्ठान के साथ हुआ। यह आयोजन साहू परिवार द्वारा लगातार दो वर्षों से श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ संपन्न किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत 22 जून को वेदी पूजन व श्रीमद् भागवत पाठ के साथ हुई थी। सप्ताह भर चले इस आयोजन में ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिदिन संध्या समय पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ, जिसमें कथावाचक के रूप में विख्यात पंडित रामकृष्ण शुक्ला जी ने श्रीकृष्ण के उपदेशों एवं भागवत ज्ञान का सरस एवं भावपूर्ण प्रवचन किया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा, हर व्यक्ति को श्रीमद् भगवत गीता का श्रवण करना चाहिए और उसमें वर्णित ज्ञान को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। गीता का ज्ञान जीवन के सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति दिलाता है और पापों का नाश करता है।





### श्रीमद् भागवत में है भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात तेज

उन्होंने यह भी बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण अपने स्वधाम को प्रस्थान कर गए, तब उन्होंने अपना समस्त तेज श्रीमद् भागवत ग्रंथ में समाहित कर दिया। यही कारण है कि यह ग्रंथ भगवान का साक्षात स्वरूप माना गया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन महाविसर्जन व श्रद्धा अर्पण के साथ समापन हुआ।

### ग्रामवासियों की भागीदारी से बढ़ा आयोजन का गौरव

आयोजन में प्रमुख रूप से रामनाथ साहू, प्रतिमा साहू एवं परिवार के अन्य सदस्य—संतोष, पार्वती, मनोज, मोहिनी, डागेश्वर एवं आरती—ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिकों व श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा साहू परिवार की इस सराहनीय पहल की सराहना की।

online Booking:-www.tripuryatra.com



श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगांव
10 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 26,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411